भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1620**
05 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

## पीएमकेएसवाई के अंतर्गत आवंटित निधियां

**1620. श्री मुरसोली एस:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** तमिलनाडु के तंजावुर जिले के लिए प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत वर्ष 2019 से अब तक आवंटित और संवितरित निधियों का ब्यौरा क्या है; और

**(ख)** इस योजना के अंतर्गत तंजावुर जिले में लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) और (ख):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक केन्द्र प्रायोजित अम्ब्रेला योजना प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) को क्रियान्वित कर रहा है। पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के तहत, मंत्रालय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और संबंधित अवसंरचना की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पीएमकेएसवाई मांग आधारित प्रकृति की है और पूरे भारत से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पीएमकेएसवाई की किसी भी घटक योजना के तहत राज्यवार या जिलावार धनराशि आवंटित/स्वीकृत/जारी नहीं की जाती है।

पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के तहत, 2017 में पीएमकेएसवाई के शुभारंभ के बाद से तमिलनाडु के तंजावुर जिले में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनकी परियोजना लागत ₹11.40 करोड़ है और ₹10.79 करोड़ की सहायता/सब्सिडी स्वीकृत की गई है। अब तक इन 13 परियोजनाओं के लिए 09.54 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

वर्ष 2017 में पीएमकेएसवाई के शुभारंभ के बाद से तमिलनाडु के तंजावुर जिले में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 05 दिसंबर, 2024 को उत्तर हेतु "पीएमएसकेवाई के अंतर्गत आवंटित निधियां" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1620 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना/उन्नयन की योजना** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **परियोजना** | **अनुमोदन की दिनांक** | **कुल परियोजना लागत (करोड़ रूपये में)** | **स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपए में)** | **जारी अनुदान राशि (करोड़ रूपये में)** | **स्थिति** |
| 1 | खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता परीक्षण विभाग, आईआईएफपीटी, तंजावुर | 23.10.2017 | 5.56 | 5.26 | 5.26 | प्रचालनरत |
| 2 | भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान (जीएमओ) | 02.09.2019 | 1.46 | 1.15 | 0.44 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| **कुल** | | | **7.02** | **6.41** | **5.70** | |
| **मानव संसाधन एवं संस्थान - अनुसंधान एवं विकास योजना** | | | | | | |
| **क्र. सं.** | **परियोजना** | **अनुमोदन की दिनांक** | **कुल परियोजना लागत (करोड़ रूपये में)** | **स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपए में)** | **जारी अनुदान राशि (करोड़ रूपये में)** | **स्थिति** |
| 1 | खाद्य प्रसंस्करण अनुप्रयोगों में छोटे प्याज से प्राप्त जैव-अपशिष्ट का प्रभावी उपयोग | 02.05.2018 | 0.34 | 0.34 | 0.33 | प्रचालनरत |
| 2 | शैल,टेस्टा , नारियल पानी को लगातार हटाने और नारियल के गूदे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटने के लिए एकीकृत नारियल प्रसंस्करण इकाई | 02.05.2018 | 0.52 | 0.52 | 0.47 | प्रचालनरत |
| 3 | 3-डी प्रिंटेड खाद्य पदार्थ: भारत में कुपोषण को दूर करने के लिए व्यक्तिगत पोषण | 08.05.2018 | 0.55 | 0.55 | 0.50 | प्रचालनरत |
| 4 | फलों और सब्जियों के लिए रोगाणुरोधी एजेंट के साथ सक्रिय इंटेलिजेंट पैकेजिंग प्रणाली का विकास | 17.12.2018 | 0.53 | 0.53 | 0.46 | प्रचालनरत |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | भावी पीढ़ियों की पोषण सुरक्षा के लिए विविध मिलेट उत्पादों का विकास और मिलेट किसानों की आजीविका में सुधार | 19.12.2018 | 0.47 | 0.47 | 0.40 | प्रचालनरत |
| 6 | खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और छिपी हुई भूख की कमी से निपटने के लिए गैर-डेयरी सिंबायोटिक खाद्य का विकास। | 19.12.2018 | 0.30 | 0.30 | 0.25 | प्रचालनरत |
| 7 | नारियल रस (नीरा) शर्करा क्रिस्टल और कणिकाओं के उत्पादन के लिए प्रक्रिया का विकास | 16.10.2019 | 0.45 | 0.45 | 0.40 | प्रचालनरत |
| 8 | अनानास फल अपशिष्ट (प्रसंस्करण उपोत्पाद); लक्षण वर्णन और मिलेट आधारित प्रोबायोटिक किण्वित उत्पादों के विकास में इसका उपयोग | 18.05.2020 | 0.28 | 0.28 | 0.26 | प्रचालनरत |
| 9 | सुखाने की प्रक्रिया के दौरान चयनित फलों (आम, संतरा, अनानास, केला और अंगूर) और सब्जियों (प्याज, गाजर, लहसुन, पुदीना और अदरक) से जैव सक्रिय घटकों को ट्रैप करने के लिए एक प्रणाली का डिजाइन और विकास। | 19.05.2020 | 0.33 | 0.33 | 0.27 | प्रचालनरत |
| 10 | पारंपरिक धान की किस्मों को भिगोने और उबालने तथा चोकर को स्थिर करने के लिए सतत ओमिक तापन प्रणाली का डिजाइन और विकास | 11.03.2021 | 0.30 | 0.3 | 0.23 | प्रचालनरत |
| 11 | पायलट पैमाने पर तरल खाद्य का अल्ट्रासाउंड प्रसंस्करण: व्यवहार्यता और प्रभावकारिता | 11.03.2021 | 0.30 | 0.3 | 0.26 | प्रचालनरत |
| **कुल** | | | **4.38** | **4.38** | **3.84** | |

*****